**प्रेस विज्ञप्ति**

नई दिल्ली

08 अक्टूबर, 2025

## सुविधाओं से वंचित बच्चों की रचनात्मकता और शहरी दृष्टिकोण को उजागर करता विश्व पर्यावास दिवस










विश्व पर्यावास दिवस के उपलक्ष्य में, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको), एक नवरत्न एनबीएफसी-आईएफसी, सुविधाओं से वंचित बच्चों के लिए पिछले तीन दशकों से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करता रहा है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ( एमओएचयूए ) एवं प्रतिभागी गैर-सरकारी संगठनों द्वारा अत्यधिक प्रशंसित यह पहल, वंचित समुदायों के बच्चों को एक आदर्श शहरी पर्यावास के अपने दृष्टिकोण को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए सार्थक मंच प्रदान करती है।

विज्ञान भवन में आधिकारिक विश्व पर्यावास दिवस समारोह के अवसर पर, माननीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू , आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस वर्ष की प्रतियोगिता में पुरस्कृत चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

माननीय मंत्री महोदय ने श्री श्रीनिवास किटिकिथला, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, श्री संजय कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको, श्री कुलदीप नारायण , संयुक्त सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और श्री शोम्बी शार्प, भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर की उपस्थिति में विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर को और भी समृद्ध बनाने के लिए, हडको के तीन विशेष प्रकाशनों का भी विमोचन किया ।

20 सितंबर को हडको भवन, आईएचसी कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित 2025 प्रतियोगिता में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और अनाथालयों के 176 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने दो आयु वर्गों - जूनियर (8-11 वर्ष) और सीनियर (12-14 वर्ष) में प्रतिस्पर्धा की। इस वर्ष चित्रकला प्रतियोगिता का विषय विश्व पर्यावास दिवस 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र-पर्यावास द्वारा निर्धारित "अर्बन सॉल्युशंस टू क्राइसिस" विषय के अनुरूप था, जिसका उद्देश्य बच्चों को शहरी क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करने और एक रेजिलिएंट, समावेशी और सतत् शहरी भविष्य के लिए नवीन विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

हडको सुविधाओं से वंचित बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को पोषित करने, उन्हें हमारे शहरी क्षेत्रों के भविष्य की कल्पना करने और उसमें योगदान देने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल की निरंतर सफलता, बेहतर शहरी भविष्य के निर्माण हेतु वैश्विक प्रयासों के अनुरूप, सतत और समावेशी शहरी विकास को बढ़ावा देने के क्रम में हडको के समर्पण को दर्शाती है।

****